## शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न

**करौली**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक इन्दिरा गांधी पंचायती राज संस्थान जयपुर में आयोजित की गई।

संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का शिक्षा विभाग के सभी संवर्गों की डीपीसी करने, संस्कृत शिक्षा के प्रवेशिका विद्यालयों को वरिष्ठ उपाध्याय विद्यालयों में परिवर्तित करने, जिला शिक्षा अधिकारी(संस्कृत शिक्षा)का नवीन पद सृजित करने, राज्य में तीन बड़े गुरुकुलों की स्थापना करने, कोटा में सैनिक स्कूल खोलने की घोषणा के लिए आभार ज्ञापित किया गया तथा सरकार बदलने पर भी लम्बे समय से एक ही पद पर जमे अधिकारियों को बदलने, पूर्व सरकार में प्रताड़ित शिक्षकों को पुनः लाने, तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण खोलने, वेतन विसंगतियों को दूर करने, उप प्रधानाचार्य के स्थान पर वरिष्ठ व्याख्याता पद बदलने पर पुनर्विचार करने या एल 15 की ग्रेड देने की माँग की गई। शिक्षा मंत्री ने बैठक में रखी गई मांगों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया तथा संगठन के कार्यकर्ताओं का स्वस्थ व सामर्थ्यवान रहते हुए राष्ट्र हित के कार्यों में उत्तरोत्तर वृद्धि करने का आव्हान किया।बैठक में संगठन के पालक अधिकारी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम ने प्रत्येक कार्यकर्ता को स्वयं का मूल्यांकन करते रहकर वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान,स्वदेशी जागरण, मातृशक्ति की सहभागिता, महापुरुषों की जयंतियों के आयोजन के साथ साथ नवाचारों के द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की बात कही।प्रांतीय संगठन मंत्री घनश्याम ने कहा कि कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्यों को पूर्ण करने के साथ विद्यार्थियों व समाज के प्रति अपने दायित्वों को भी प्राथमिकता से पूर्ण करना चाहिए।

# बेटियों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाएं : श्वेता यादव

**भरतपुर**, (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फुले माली समाज उत्थान समिति भरतपुर द्वारा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट रामगोपाल सैनी के सहयोग से महात्मा ज्योति राव फुले की 198 वीं जयन्ती के अवसर पर शुक्रवार को आरबीएम अस्पताल के निकट प्राचीन मंदिर श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें 57 विद्यार्थियों सहित 101 जनों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

- **सैनी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न**
- **57 विद्यार्थियों सहित 101 जनों को किया सम्मानित**

प्रतिभा सम्मान समारोह वार्ड नम्बर 50 के पार्षद रामेश्वर सैनी के मुख्य आतिथ्य में हुआ जबकि अध्यक्षता डा. मेघराज सैनी ने की। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों के रूप में एडवोकेट राजेश मित्तल, एडवोकेट मनोज अवार, एडवोकेट श्वेता यादव, डा.रवि दिलवारिया, विवेक मित्तल, शुभम सैनी, जगदीश आर्य, पुरूषोत्तम सैनी बन्टू, सोनू पंडाजी आदि मौजूद थे। समारोह में आए सभी अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर एडवोकेट श्वेता यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज के लोग अपनी बेटियों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि मां ही बच्चों की प्रथम गुरू है। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी पढाई के साथ-साथ चरित्रवान एवं संवेदनशील रहें। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले का नाम भारत में समाज सुधारकों में अग्रणी माना जाता है। उन्होंने कहा कि ज्योतिराव फुले के समाज सुधार के प्रति किये गये योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है और उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिये। समारोह में जगदीश आर्य ने महात्मा ज्योतिराव फुले के जीवन पर एक सुन्दर कविता का पाठ किया जिसे सभी ने सराहा।

समिति के अध्यक्ष एडवोकेट रामगोपाल सैनी ने बताया कि इस प्रतिभावान छात्र छात्रा सम्मान समारोह में कुल 101 जनों का सम्मान किया गया जिसमें गत् वर्ष बोर्ड परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 57 विद्यार्थी एवं 44 जनों का सम्मान समाज के उत्कृष्ठ योगदान के लिये किया गया है। इसमें गौरक्षा दल के अध्यक्ष दीपक सैनी सहित 21 सदस्य भी शामिल हैं, उन सभी का सम्मान भी इस समारोह में किया गया।

इससे पूर्व जगदीशचन्द्र सैनी ने गणपति महाराज की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की एवं पुष्प अर्पित किये। सभी अतिथियों ने भी गणेशजी की मूर्ति एवं महात्मा ज्योतिराव फुले की भव्य तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये। प्रतिभावान छात्र छात्रा सम्मान समारोह में रामभजन सैनी, रामबाबू सैनी, खुशीराम सैनी, मदनलाल सैनी, परमानन्द सैनी, अशोक सैनी, गोविन्द सैनी, कमल सैनी, मुरारी लाल, हरप्रसाद सैनी, सचिन सैनी, पवन सैनी, सोहनलाल सैनी, ब्रजेश सैनी, नीरज सैनी सहित अन्य पदाधिकारीगण, बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे। समारोह में भारत माता की जय, महात्मा ज्योतिराव फुले अमर रहे, मां सावित्रीबाई अमर रहे के नारे भी लगाये। अन्त में समिति के अध्यक्ष एडवोकेट रामगोपाल सैनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह समिति के सदस्यों के सहयोग से गत् 15 वर्ष से निरन्तर चल रहा है। इससे अब तक 1370 से अधिक विद्यार्थियों का सम्मान किया जा चुका है।



प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथि।

## वकील को केस नहीं लड़ने की धमकी

**भरतपुर**, (निसं)। सरकारी वकील को कोर्ट परिसर में धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने वकील को पिस्टल तानकर केस नहीं लड़ने की धमकी दी। वकील ने हल्ला मचाया तो आसपास के वकील एकत्रित हुए और आरोपी भाग निकले। इसके बाद वकीलों ने कोर्ट परिसर के बाहर सड़क पर प्रदर्शन किया और एसपी से मुलाकात की.एसपी ने 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही है। भरतपुर पुलिस ने सरकारी पीपी भगत सिंह सूरोता को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी दिलावर को हिरासत में ले लिया है। यह कार्रवाई एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देशन पर की गई, पुलिस घटना के महज 2 घंटे बाद ही यूपी के फतेहपुर सीकरी से आरोपी को पकड़ने में सफल रही।

इस दौरासन अपर लोक अभियोजक भगत सिंह सूरौता ने बताया कि शुक्रवार सुबह 11 बजे न्यायालय एडीजे 2 भरतपुर में बतौर अपर लोक अभियोजक कार्य कर रहा था.कार्य करने के दौरान उक्त न्यायालय में लंबित प्रकरण सरकार बनाम लक्ष्मण सिंह जिसमें आज की पेशी है। उसी के संदर्भ में फाइल देख रहा था. इस दौरान उक्त प्रकरण के आरोपी दिलावर व उनके साथ अन्य चार से पांच व्यक्तियों ने मुझे न्यायालय परिसर में घेर लिया। दिलावर ने मेरे ऊपर जान से मारने की नीयत से पिस्तौल तान दी और मुझे धमकी देते हुए कहा अगर तुमने इस प्रकरण में मजबूती पेशी की तो तुम्हें जान से मार दूंगा और तुम्हारी तस्वीर पर माला चढ़ावा दूंगा .उन्होंने कहा कि पहले भी हमने दो हत्या कर रखी है एक तीसरी तुम्हारी हत्या कर दी जाएगी. मैं कोर्ट परिसर में हल्ला मचाया तो साथी वकील वहां एकत्रित हो गए और उन्हें देखकर मौके से आरोपी भाग निकले।

## सार-समाचार

### कॉलोनीवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित



**भरतपुर**, (निसं)। आर.बी.एम.अस्पताल के पास स्थित कम्पनी बाग कालोनी के निवासी पिछले चार दशकों से सड़क, नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। जलभराव के कारण आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कालौनी के समीप पुराने तालाब के घाट एवं चार दीवारी का कार्य नगर सुधार न्यास द्वारा करवाया जा रहा है। जिसमें सड़क की चौड़ाई भी कई स्थानों पर कम कर दी गई है।इस संदर्भ में कालौनी के निवासियों ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर समस्याओं का शीघ्र निराकरण करवाने की मांग की है। स्थानीय निवासियों ने अवगत करवाते हुए लिखा है कि पिछले 40 सालों से कालौनी में कई स्थानों पर सड़क एवं नाली का निर्माण नहीं हुआ है।सीवर लाइन डाली गई, लेकिन लम्बे अरसे से बन्द है अनेक लोगों के कनेक्शन नहीं हुए हैं।इस कारण जल भराव की समस्या हमेशा बनी रहती है। लोगों ने आरोप लगाते हुए लिखा है कि नगर सुधार न्यास की ओर से पुराने तालाब के निर्माण कार्य में सड़क की चौड़ाई को कई स्थानों पर 12 फुट तक कम कर दिया गया है। सड़क की जमीन पर तालाब बनाए जाने से भविष्य में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।न्यास ने राजस्व विभाग एवं नगर सुधार न्यास के पुराने नक्शे की अनदेखी की है जिसमें 28 फुट सड़क की चौड़ाई दर्ज है। पत्र में प्रमुख रूप से घनश्याम होलकर, ओमकार सिंह, मोहन सिंह, भगवान सिंह,रोशन लाल, गजेन्द्र कुमार, राममोहन, अजय सैनी, दिगम्बर सिंह बघेल,महेश चंद्र, कुलदीप होलकर सहित डेढ़ दर्जन महिला एवं पुरुषों के हस्ताक्षर हैं।

### महात्मा फुले को याद किया

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले सेवा समिति के नेतृत्व में शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इसदौरान लोगो ने सामाजिक उत्थान के लिए किए कार्यो को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सावित्रीबाई फुले लाइब्रेरी मिर्जापुर, नौगांव और अमरगढ चौकी में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद भोला ने फुले के विचारों को साझा किया। राजकीय महाविद्यालय में फुले की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित की गई। रेलवे स्टेशन बजरिया के सामने स्थित प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। सैनी धर्मशाला सूरसागर में लाइब्रेरी कोचिंग के छात्रों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा स्थापना महोत्सव सेवा पखवाडे के अंतर्गत शहर मंडल गंगापुर सिटी ने भी महात्मा फुले को याद किया। भाजपा विधानसभा मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने कहा कि महात्मा फुले के नारी सशक्तिकरण के सपने को प्रधानमंत्री मोदी की योजनाएं साकार कर रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, राजीविका योजना, स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और बीमा सखी योजना का जिक्र किया। इन योजनाओं से देशभर की महिलाओं को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में गिर्राज प्रसाद कोतवाल, प्यारेलाल सैनी, रामफुल सैनी, रघुवीर, कालूराम सैनी सहित सैकडों लोग मौजूद रहे।

### वयोवृद्ध पेंशनरों का सम्मान

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज की जिला शाखा का वार्षिक अधिवेशन मनोरथ सिद्ध हनुमान मंदिर के सामने आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स का विशेष सम्मान किया गया। उन्हें शाल और शाफा पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णबल्लभ पाठक ने की। प्रदेशाध्यक्ष शंकरसिंह मनोहर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रदेशाध्यक्ष और जिला अध्यक्ष ने पेंशनर्स को नई जानकारियां साझा कीं। जिला मंत्री रमेशचन्द्र शर्मा ने शाखा का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष गिरिराज प्रसाद शर्मा ने आय-व्यय का विवरण रखा। जिला अध्यक्ष रामसहाय शर्मा ने समाज की गतिविधियों की जानकारी दी। केंद्र सरकार द्वारा पेंशनर्स के हितों पर किए गए प्रहार के विरोध में 15 तारीख को पेंशन भवन पर ज्ञापन दिया जाएगा। सभी सदस्यों से इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में सवाई माधोपुर के जिला अध्यक्ष हाकिम सिंह, उपकोषाधिकारी सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, यस बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मिलाप चंद और निजी शिक्षण संस्थान के जिला अध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

### डा रिद्धिचंद बने अध्यक्ष

**गंगापुर सिटी**, (निसं)।अग्रवाल समाज सेवा समिति उदेई मोड द्वारा गठित श्री अग्रसेन कर्मचारी विकास समिति के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव के दौरान डॉ. रिद्धिचंद गुप्ता को अध्यक्ष, नरेन्द्र गुप्ता उपाध्यक्ष, अरुण गर्ग को महामंत्री, विनय कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष, मनीष कुमार जिंदल मंत्री, अमित अग्रवाल को संगठन मंत्री और कपिल कुमार बंसल को प्रचार मंत्री चुना गया। चुनाव अधिकारी भगवान सहाय गुप्ता और रामबाबू अग्रवाल के अनुसार कई दिनों की प्रक्रिया के बाद समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य पदों पर निर्वाचन किया गया। कार्यकारिणी में 14 सदस्यों को शामिल किया गया। इनमें नरेश गुप्ता, विष्णु कुमार गुप्ता, रामस्वरूप गुप्ता, अमित बाबू, दामोदर प्रसाद, पवन मिझौरा, जगदीश प्रसाद, विष्णु लाल, सोहन लाल, सुरेश चंद, कैलाश चंद, पवन कुमार, हनुमान प्रसाद और मुकेश कुमार गुप्ता शामिल हैं। समाज अध्यक्ष दुर्लभ गोयल और सेवा सदन अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बैठक में विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला और साफा पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया।

## करौली भाजपा शहर मंडल का हुआ सदस्यता सम्मेलन

**करौली**, (निसं)। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी सक्रिय सदस्यता सम्मेलन कि बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में जयेंद्र सिंह जादौन रहे।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि सक्रिय सदस्यता सम्मेलन को लेकर गोमती कॉलोनी स्थित गोमती आश्रम पर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा भारत माता के चित्रपट्ट पर दीप प्रचलित कर कार्यक्रम कि विधिवत शुरुआत कि मुख्य वक्ता जयेंद्र सिंह जादौन ने अपने उद्बोधन ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करने एवं सक्रिय रूप से पार्टी के तहत जनमानस तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की बात रखी। लोकसभा प्रत्याशी रही इंदु देवी एवं युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अर्जुन सिंह धाभाई ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की रीति नीति एवं पार्टी के संविधान को लेकर विस्तृत चर्चा की। मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने अपने उद्बोधन में भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल बिहारी वाजपेई के पार्टी के प्रति त्याग एवं समर्पण कि भावना को बताते हुए पार्टी के प्रति सक्रिय सदस्यता कि महत्वता को बताया तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी सक्रिय सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश राजोरिया, जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला, विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी, जिला मीडिया प्रभारी मुख्य सालौत्री, नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा, योगेंद्र सिंहल, अशोक वर्मा,पुष्पेंद्र बंसल, आशीष जैन, तेजेंद्र सिंह जादौन, विक्की गुरु, सुमित भट्ट, बृजेश गुरु, सुमित गर्ग, जगदीश शर्मा,बटरू गुर्जर, कपिल देव पाराशर, कुलदीप पाठक, कान्हा व्यास, जीतू शुक्ला, कपिल मित्तल आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ज्योतिबा फुले जयंती मनाई

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। महान समाज सुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा सामाजिक क्रांति के प्रणेता महात्मा ज्योतिबा फूले की 198वीं जयंती हिंडौन सिटी में मनाई गई। महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा उनको नमन करते हुए भक्ति भाव और निष्ठा पूर्वक प्रेरणा दिवस के रूप में जयंती मनाई गई।इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रिंकू खेड़ी हैवत, छात्र नेता सतीश बनकी ने ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला और समाज में व्याप्त कुरीतियों से दूर रहकर शिक्षा पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की बात की। मदन मोहन भास्कर ने महात्मा ज्योतिबा फूले के बारे में बताते हुए कहा कि भारत के महान सामाजिक पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फूले के विचार और उनका दृष्टिकोण आज के इस दौर में भी प्रासंगिक है। युवा, महिला, पुरुष उनके जीवन मूल्यों को अपने जीवन में उतार कर स्वयं का ही नहीं अपितु परिवार, समाज और राष्ट्र का भी कल्याण कर सकते है।

# प्रभात फेरी व सम्मान समारोह का आयोजन

**करौली**, (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती के उपलक्ष में महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान करौली के तत्वाधान में प्रभात फेरी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया।

प्रभात फेरी का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल फैक्ट्री सर्कल से हुआ जो नथुआनगर,शिकारगंज, बसंत गुर्ज, बुध नगर, रणगमा तालाब, लव कुश वाटिका होते हुए छात्रावास परिसर पहुंची रैली का बीच-बीच में पुष्प वर्षा, जलपान कराकर स्वागत किया गया प्रभात फेरी में शामिल विद्यार्थियों को फल,बिस्किट,नमकीन आदि का वितरण भी स्थानीय लोगों द्वारा किया गया। प्रभात फेरी महात्मा फुले कि प्रतिमा पर जाकर विसर्जित हुई।प्रभात फेरी में महात्मा फुले की सजीव झांकी सजाई गई सजीव झांकी फुले ब्रिगेड के जिला प्रमुख बनेसिंह कुशवाहा द्वारा प्रदर्शित की गई इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष प्रेम सिंह माली, मुख्य अतिथि जमनालाल प्रधान एवं समाज के अनेक गणमान्य लोगों ने महात्मा फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में समाज बंधुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे जिनमें युवाओं, विद्यार्थियों एवं महिलाओं का उत्साह देखने को मिला। इसके पश्चात छात्रावास निर्माण में आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों एवं तीन दर्जन से अधिक विद्यालयों में विद्यालय स्तर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं महात्मा फुले का जीवन परिचय एवं साहित्य भेटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि जमनालाल प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मूल साधन बताया। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में व्याप्त भेदभाव,अंधविश्वास और अशिक्षा को समाप्त करना है। संस्थान अध्यक्ष प्रेम सिंह माली ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा फुले ने सामाजिक कुरीतियों, जात-पात और शिक्षा में भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई। उन्होंने शिक्षा को समाज सुधार का मुख्य साधन बताया और स्त्री शिक्षा के लिए जो योगदान दिया वह आज भी प्रेरणादायक है। उन्होंने आग्रह किया कि फुले के आदर्शों को अपनाकर आधुनिक युग में समाज को नई दिशा देने का प्रयास करें। प्रभात फेरी में लक्ष्मणसिंह सांकरा, कमलेश, निरंजन, सुनील सैनी कि ओर से बिस्कुट, नमकीन,फल,पानी बोतल आदि वितरण का सहयोग प्राप्त हुआ इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी, उपसभापति सुनील सैनी,संस्थान के पूर्व अध्यक्ष रामगोपाल, संस्थान सचिव रामगोपाल माली, कल्याण, सैनी महासभा के जिला अध्यक्ष हरकेश सैनी आदि मौजूद रहे।

## सम्मान किया

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। भाजपा स्थापना दिवस सेवा पखवाडे के तहत ग्रामीण मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में महुकलां क्षेत्र में वयोवृद्ध रामसहाय शर्मा, माधोसिंह, सुल्तान पटवारी का सम्मान किया गया। भाजपा मिडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि इस दौरान स्थापना महोत्सव पखवाडे के सहसंयोजक हरकेश गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण मण्डल की बैठक संपन्न

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। 11 अप्रेल। वजीरपुर बस स्टैंड के पास गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की मंडल कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा प्रभारी सुदेश गुर्जर और ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण छोटेलाल व्यास की उपस्थिति में चारों मंडलों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

विधानसभा प्रभारी ने मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार संगठन को मंडल से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत किया जाना चाहिए। कार्यकर्ताओं को तत्काल संगठन के कार्यों में जुटने के निर्देश दिए गए। प्रभारी ने समयसीमा निर्धारित करते हुए दो दिन में प्रत्येक मंडल की कार्यकारिणी की सूची मांगी। साथ ही सात दिन के अंदर ग्राम पंचायत अध्यक्ष और बूथ कार्यकारिणी की सूची जमा करने को कहा। उन्होंने कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में पीसीसी सदस्य मुकेश शर्मा, देहात अध्यक्ष अब्दुल वहाब, सेवा मंडल अध्यक्ष राकेशचंद और उदेई कला मंडल अध्यक्ष लहरी प्रजापत, खंडीप मंडल अध्यक्ष रूप सिंह मीणा, वजीरपुर मंडल अध्यक्ष हरदयाल जाटव मौजूद रहे। इसके अलावा बडौली के पूर्व सरपंच बाबूलाल, जिला परिषद सदस्य हरदयाल जाटव, रामपाल मीणा और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। आगामी निकाय और पंचायत चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए बूथ स्तर पर पार्टी की बैठकें आयोजित की जाएंगी।

## ज्ञापन दिया

**करौली**, (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद करौली के कार्यकर्ताओं ने करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी जिला संयोजक योगेंद्र डागुर ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार के कारण से काली बाई स्कूटी योजना ओर देवनारायण स्कूटी योजना के तहत पेंडिंग स्कूटी 2021-22 व 2022-23 के सत्र कि स्कूटी वितरण करवाने के ज्ञापन सौंपा।

# पंचामृत से भगवान जिनेन्द्र का किया मस्तकाभिषेक

**श्रीमहावीरजी**, (निसं)। स्थानीय श्री महावीर जी क्षेत्र में चल रहे वार्षिक लक्खी मेले के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मुख्य मंदिर में स्थित 52 फीट ऊँचे, उत्तम श्वेत संगमरमर से निर्मित मान स्तंभ में विराजमान चतुर्दिक जिनेन्द्र भगवान का मस्तकाभिषेक एवं कलशाभिषेक श्रद्धा, आस्था और विधिपूर्वक सम्पन्न किया गया।

मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल ने बताया कि यह पावन अनुष्ठान प्रत्येक तीन वर्ष में परंपरागत विधियों के अनुसार आयोजित होता है, जिसमें देशभर से हजारों श्रद्धालु भाग लेकर पुण्य अर्जन करते हैं। प्रातः 8 बजे मंत्रोच्चारण और भक्ति संगीत के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में पंडित मुकेश जैन शास्त्री के सान्निध्य में पंचामृत से जिनेन्द्र भगवान का मस्तकाभिषेक किया गया। वीर संगीत मंडल जयपुर के सहयोग से दोपहर 12 बजे कटला पश्चिमी पांडाल में सामूहिक पूजन एवं भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिगम्बर जैन प्रबंधकारिणी कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, मानद मंत्री सुभाष जैन, कोषाध्यक्ष विवेक काला, संयुक्त मंत्री उमरावमल संघी तथा संयुक्त मंत्री पी.के. जैन योगेश टोडरका, भारत भूषण, प्रदीप ठोलिया, विष्णु सिकरवार, नेमी पाटनी, विकास पाटनी, वीर सेवक मंडल जयपुर, राकेश गोदिका शाबाश इंडिया सहित गणमान्य लोग व सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्री महिला मंडल सिद्धार्थ नगर, जयपुर द्वारा रात्रि 7:30 बजे भजन संध्या कार्यक्रम सम्पन्न किया जाएगा। सांस्कृतिक मंच पर रात्रि 8 बजे डॉ. गौरव जैन एंड पार्टी, जयपुर एवं वीणा कैसेट्स, जयपुर द्वारा भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। 12 अप्रैल को रात्रि 8:30 बजे, सांस्कृतिक मंच पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर देश के कोने-कोने से ख्यातिप्राप्त कवि अपनी ओजस्वी, श्रृंगारिक, हास्य एवं सामाजिक रचनाओं से श्रोताओं को गूंजते ठहाकों, भावनाओं और विचारों की सुंदर यात्रा पर ले जाएंगे।



श्रीमहावीरजी में पंचामृत से भगवान जिनेन्द्र का मस्तकाभिषेक हुआ।

## मेहंदीपुर बालाजी में हनुमान जन्मोत्सव आज

**मेहंदीपुर बालाजी**, (निसं)। आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी में आज हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लाह के साथ मनाया जाएगा ।मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के महंत डॉक्टर नरेश पुरी महाराज द्वारा विशेष पूजा अर्चना की जाएगी और बालाजी महाराज को विशेष भोग लगाया जाएगा।

वही हनुमान जयंती के अवसर पर 51 सवामणी 51 मण लड्डू का भोग व 1351 किलो पंचामृत से बालाजी महाराज का अभिषेक किया जायेगा। राम मंदिर बालाजी कृष्ण दरबार में 56 भोग की झांकी सजाई जायेगी। वही ड्रोन व हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्ष की जाएगी। इस दौरान दो हाथी चार घोड़ा मौजूद रहेंगे। वही बालाजी महाराज की बाल रूप की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।वही हनुमान जयंती को देखते हुए दुर दराज से भक्तों का आना शुरू हो गया है ।जिससे धार्मिक नगरी मेहंदीपुर बालाजी में भक्तों की भीड़ देखी जा रही है। वही मंदिर ट्रस्ट के महंत डॉक्टर नरेश पुरी महाराज के सानिध्य में बालाजी मंदिर को भव्य रंगीन लाइट गुब्बारे वहीं मंदिर को बाहर की तरफ को महलनुमा आकृति में सजाया गया है। वही भक्तों की सुविधा के लिए दोसा प्रशासन व करौली प्रशासन का अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तेनात किया गया।

# शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं : सैनी



महात्मा ज्योतिबाफूले की जयन्ती पर पुष्पांजली अर्पित करते सीएल सैनी।

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती धूमधाम से मनाई। जिला स्तरीय समारोह का आयोजन सवाई माधोपुर रोड स्थित पंचमुखी हनुमान जी के मंदिर पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले के चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

सैनी माली महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सी एल सैनी ने कहा कि आज के आधुनिक युग में हमारा समाज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत पिछडा हुआ है और कोई भी समाज शिक्षा के बिना उन्नति नहीं कर सकता है। आम चौरासी अध्यक्ष गिर्राज सैनी ने कहा कि समाज के विकास के लिए सभी अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाएं जिससे सैनी समाज विकास के राह पर अग्रसर हो सके। इस मौके पर काडू राम सैनी पूर्व पार्षद, मदन मोहन सैनी जिला परिषद सदस्य, फूलजी सैनी,राजेंद्र युवा नेता मानसिंह युवा नेता, प्रीतम सैनी, हरिप्रसाद सैनी धर्मशाला अध्यक्ष,शंभू दयाल सैनी ,फतेह सिंह सैनी भरत लाल सैनी कैलम मनमोहन सैनी आदि मौजूद रहे।